BABA MASTNATH UNIVERSITY

ASTHAL BOHAR, ROHTAK

Public Relations Office

Name of the Publication .... HARI BHOOMI ....

Date 25/01/2025 .... Page .... 10 .... Column .... 02 ....

Subject .... बामवि मे अंतरराष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर हुआ विशेष कार्यक्रम

बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी में अंतरराष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर हुआ विशेष कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी में अंतरराष्ट्रीय शिक्षक दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें शिक्षकों और छात्रों ने भाग लिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एचएल वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शिक्षा, प्रतिस्पर्धा, नई शिक्षा नीति और डिजिटल युग में शिक्षा के बदलते स्वरूप पर गहन चर्चा की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति डॉ. एचएल. वर्मा ने कहा कि प्रतिस्पर्धा समाज के विकास का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने

रोहतक। कार्यक्रम को सम्बोधित करते कुलपति डॉ. एचएल वर्मा।

समझाया कि खुली प्रतिस्पर्धा व्यक्तियों, व्यवसायों, और संगठनों को अपनी क्षमता, गुणवत्ता और नवाचार को बढ़ाने के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने नई शिक्षा नीति को भारत की शिक्षा प्रणाली को बेहतर बनाने का एक ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह नीति छात्रों को ज्ञान प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें व्यावसायिक और तकनीकी रूप से भी सक्षम बनाएगी। डॉ. वर्मा ने आज के डिजिटल युग में शिक्षा के बदलते स्वरूप पर भी प्रकाश डाला। डॉ. वर्मा ने भारतीय शिक्षा प्रणाली की समृद्ध विरासत पर भी चर्चा की। शिक्षा विशेषज्ञ डॉ. जगदीश भारद्वाज ने कहा कि भारतीय शिक्षा प्रणाली वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान मजबूत कर रही है। नई शिक्षा नीति, डिजिटल क्रांति और भारतीय ज्ञान परंपराओं के समावेश से भारत ने शीर्ष वैश्विक रैंकिंग में स्थान बनाया है, जिससे छात्रों को नए अवसर मिल रहे हैं। श्री बाबा मस्तनाथ आयुर्वैदिक कॉलेज प्राचार्य डॉ. अजय दहिया ने कहा की शिक्षा नीति एवं सामाजिक जीवन के लिए बहुत जरूरी है शिक्षा का सही अर्थ तभी है जब उसको सही तरीके से निजी और सामाजिक जीवन में उपयोग किया जाए। इस अवसर पर आयुर्वेद विभाग के डीन डॉ. नीरज खरे और डॉ. प्रीति सहित अन्य शिक्षकगण भी उपस्थित रहे।